Bareilly, Thursday,
13 November 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 07 BOTTOM

# देहदान का संकल्प लेने वाले किए गए सम्मानित



bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (12 Nov):** एसआरएमएस मेडिकल कालेज में देहदान का संकल्प लेने वाले महादानियों को सम्मानित करने के लिए बुधवार को देह से दिव्यता तक कार्यक्रम आयोजित हुआ. देहदान का शपथ पत्र देने वाले 21 लोगों को सम्मानित किया गया. संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने सभी को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न और प्रमाणपत्र प्रदान क किया. इस कार्यक्रम से पहले एमबीबीएस बैच 2025 के विद्यार्थियों ने एनाटामी विभाग में कैडेवरिक शपथ लेकर मानव शरीर को अपनी चिकित्सा शिक्षा का प्रथम गुरु मानते हुए उसे सम्मान और गरिमा के साथ संभालने के संकल्प लिया. एनाटामी विभागाध्यक्ष डा. नमिता मेहरोत्रा ने देहदान का शपथ पत्र देने वाले अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया. डा. शंभु प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापित किया. इस दौरान निदेशक प्रशासन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. एमएस बुटोला, डा. धनंजय कुमार, डा. समता तिवारी आदि मौजूद रहे.